**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 15 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

1. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा दोबारा 21 जून को लेने की घोषणा की - अगले वर्ष से ये परीक्षा कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी।

2. भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड की स्थापना के 50 वर्ष पूरे हुए, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा - बीबीएमबी कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति से विचार किया जाएगा।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा से सचखंड श्री हजूर साहिब के लिए विशेष रेलगाड़ी रवाना की।

4. निर्वाचन आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण - एस आई आर शुरू करने की घोषणा की।

5. हरियाणा ने "एनीमिया मुक्त भारत" स्कोरकार्ड 2025-26 में पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल किया।

**************************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी- एनटीए ने मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट-यूजी 2026 परीक्षा दोबारा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की है।

आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता हैं और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी।

***परीक्षा में थोड़ा हमको जो उनकी फोर्मलटीज है। ओएमआर सीट को दस्तखत करना, आरंभ में करना, अंत में भी एक बार करना उसमें हमारे विद्यार्थियों के कोर टाइम में कटौती हुई थी। दो से पांच एग्जामिनेशन टाइम था। उसको ध्यान में रखते हुए एनटीए ने तुरंत निस्पत्ति किया है। उसको और 15 मिनट बढ़ाए। दो से शुरू होगा और पांच-पंद्रह तक ये परीक्षा का समय बढ़ाया जाएगा। इस बार का एडमिट कार्ड 14 जून तक सभी को पहुंच जाएगा।***

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि परीक्षा के लिए फिर से कोई फीस नहीं ली जाएगी और विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनी पसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा। पेपर लीक मामले की सी बी आई जांच को लेकर उन्होंने कहा -

श्री प्रधान ने कहा कि एनटीए में ठोस सुधारों की आवश्यकता है।

************************************************************

**********

पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आज भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केंद्रीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी , राजस्थान व पंजाब के सिंचाई मंत्री , मुख्य सचिव पंजाब व अतिरिक्त मुख्य सचिव आशिमा बराड़ व मनोज त्रिपाठी भी मौजूद रहे । इस अवसर पर काफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया।

केंद्रीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा -

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड ने सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। जो भी कमियां है उन्हें बोर्ड से परामर्श करके पूरा किया जाएगा।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि उन्हें बीबीएमबी कर्मचारियों की मांगे मिली है उन पर सहानुभूति से विचार किया जाएगा। अभी सिर्फ कैशलैस इलाज की घोषणा की गई है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का संदेश भी दिया।

****************************************************************
**********

आकाशवाणी चंडीगढ़, आल इंडिया रेडियो यानि आकाशवाणी की स्थापना के 90 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल चंडीगढ़ में वाकेथान का आयोजन करेगा। यह वाकेथान सुबह 6 बजे सुखना लेक पर आयोजित की जाएगी। आकाशवाणी की स्थापना 1936 में हुई थी। इस उपलक्ष्य में मई माह में देश भर के केंद्रों में **वॉकथॉन** व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आकाशवाणी की "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना है।

****************************************************************
**********

आज तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए सिरसा से विशेष रेलगाड़ी सिख श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई। हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह विशेष रेल हरी झंडी दिखा कर रवाना की । इससे पहले रेलवे स्टेशन पर ही मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा -

जिला प्रशासन द्वारा यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए हैं। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा भी मौजूद रहे। उन्होंने सरकार की इस प्रयास के लिए प्रशंसा की।

*************************************************************
**********

निर्वाचन आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में आज से विशेष गहन पुनरीक्षण -एस आई आर शुरू करने की घोषणा की है। चंडीगढ़ के मतदाताओं की अंतिम सूची इस वर्ष 22 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

तीसरे चरण के तहत SIR देशभर के 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा, जिनमें पंजाब और हरियाणा भी शामिल हैं।

आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी देते हुए, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रेरणा पुरी ने कहा कि 614 बूथ स्तरीय अधिकारी 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर शहर के 5 लाख, 18 हज़ार और 663 मतदाताओं का विवरण इकठ्ठा करना शुरू करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि SIR के माध्यम से पात्र और अपात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी।

*************************************************************
**********

हरियाणा ने "एनीमिया मुक्त भारत" स्कोरकार्ड 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज चंडीगढ़ में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि हरियाणा का यह प्रदर्शन एनीमिया को कम करने के प्रति राज्य की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा ने 86.5 के एएमबी इंडेक्स के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। वर्ष 2024-25 में हरियाणा पांचवें स्थान पर था, जिससे इस वर्ष की रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह उपलब्धि बहुआयामी रणनीति का परिणाम है एएमबी स्कोरकार्ड केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।

***************************************************************
**********

हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की दो सप्ताह से चल रही हड़ताल खत्म हो गई है। सफाई कर्मचारी कल काम पर लौट आए। ये कर्मचारी एक मई से हड़ताल पर थे। इसी के साथ अग्निशमन विभाग के हड़ताली कर्मचारी भी काम पर लौट आए हैं। प्रदेश सरकार के साथ हुई वार्ता में मांगों को लेकर सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया है।

***************************************************************
**********